EPS-08

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

(BDP)

सत्रीय कार्य 2025

EPS -08 :आस्ट्रेलिया में सरकार और राजनीति

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

पाठ्यक्रम कोड : EPS-08
सत्रीय कार्य कोड : EPS-08/Asst/TMA/2025

सत्रीय कार्य

प्रिय छात्र/छात्राओं,

आपको राजनीती विज्ञान संकाय के 8 क्रेडिट के वैकल्पिक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य पूर्ण करना होगा। यह एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) है।

यह महत्वपूर्ण है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर प्रत्येक विशिष्ठ भाग के लिए निर्धारित शब्द–सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये, इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने के सतत् अभ्यास से आपको सत्रांत परीक्षा के लिए बेहतर उत्तर लिखने में मदद मिलेगी।

प्रस्तुतीकरण :
प्रस्तुतीकरण : सभी सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास सत्रांत परीक्षा से दो महीने पहले जमा करने होंगें।

जून, 2025 के सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 31 मार्च, 2025 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा। दिसम्बर, 2025 की सत्रांत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को 30 सितम्बर, 2025 तक यह सत्रीय कार्य जमा करना होगा।

अगर आपने इस पाठ्यक्रम के लिए पहले ही सत्रीय कार्य जमा कर दिया है और उसकी जांच के उपरांत उसे विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को भेज दिया है तब आपको इस सत्रीय कार्य को जमा करने की जरूरत नहीं है।

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्रध्क्षेत्रीय केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखिये। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्रध्क्षेत्रीय केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

पाठ्यक्रमः आस्ट्रेलिया में सरकार और राजनीति
(EPS-08)
अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : EPS-08
सत्रीय कार्य कोड : EPS-08/Asst/TMA/2025
अंक : 100
महत्व : 30%

सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

अ) निम्नलिखित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का लगभग 500–500 शब्दों में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

1) आस्ट्रेलिया के गर्वनर –जनरल की शक्तियों और कार्यों की व्याख्या कीजिए।

2) उन कारकों की चर्चा कीजिए जो चीन, जापान और यूरोप से आस्ट्रेलिया के संबंधों का निर्माण करते हैं।

ब) निम्नलिखित मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का लगभग 250–250 शब्दों में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।

3) आस्ट्रेलिया की स्थलाकृति का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

4) आस्ट्रेलिया में जल संसाधन प्रबंधन की व्याख्या कीजिए।

5) आस्ट्रेलिया में विदेशी निवेश के विस्तार पर संक्षेप में वर्णन कीजिए।

6) आस्ट्रेलियाई संविधान की संघीय प्रकृति की व्याख्या कीजिए।

स) निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों पर लगभग 100–100 शब्दों में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। प्रत्येक प्रश्न छह अंक का हैं।

7) आस्ट्रेलिया का संघीय न्यायालय

8) आस्ट्रेलिया में समझौता प्रारूप

....